नवभारत

# आदिवासी इलाकों में 332 शौचालयों का निर्माण पूरा

संवाददाता

पुणे. अपने बेहतरीन सामाजिक कार्यों के लिए परिचित मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से समाज सेवा का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है. स्वच्छ भारत अभियान को सहयोग देते हुए फाउंडेशन की ओर से पालघर जिले के आदिवासी गांवों में 332 शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है. युवा परिवर्तन संस्था के संयुक्त तत्वावधान में चल रहा यह उपक्रम विभिन्न चरणों में चल रहा है. इसी उपक्रम के तहत 125 शौचालयों का लोकार्पण शनिवार 25 जनवरी को होने जा रहा है.फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज की सीएसआर संस्था के तौर पर काम करने वाले मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से जून 2017 से पालघर के दूर-दराज के आदिवासी गांवों में स्वच्छता के लिए महत्वपूर्ण काम किया जा रहा है.

## मुकुल माधव फाउंडेशन के अथक प्रयास



इस उपक्रम की जानकारी देते हुए मुकुल माधव फाउंडेशन ने कहा है कि, भारत इस समय दुनिया की तेजी से विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था है. फिर भी स्वास्थ्य को लेकर कुछ गंभीर खामियां देश में मौजूद है. इनमें से एक है देश में शौचालयों की कमी. खास तौर पर महिलाओं और लड़कियों को इस समस्या से ज्यादा जूझना पड़ता है. इस समस्या को दूर करने के लिए मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से जून 2017 से इस दिशा में काम किया जा रहा है.फाउंडेशन के अधिकारियों और स्वयंसेवकों की ओर से शुरू किया गया यह काम अब रंग लाने लगा है. जिले में अब तक कुल पांच चरणों में 332 शौचालयों का निर्माण किया गया है. जबकि छठे चरण का काम शुरू होने जा रहा है. यह चरण पूरा होने पर इस इलाके में कुल 459 शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा होगा.

*इस काम के लिए फाउंडेशन को खेरवाड़ी सोशल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा संचालित युवा परिवर्तन ग्रुप की ओर से अहम सहयोग दिया गया है.इन शौचालयों की खासियत यह है कि, यह आधुनिक तकनीक से बनाए गए है, जिसमें एक स्क्वाटिं पैन, एक उपसंरचनायुक्त गड्ढा बनाया गया है, जोकि मल-मूत्र को विभाजित करता है.*

## 25 जनवरी को होगा लोकार्पण

इस गड्ढे में जो भी मल जमा होता है, वह मिट्टी के घटकों के साथ मिलकर अगले पांच वर्षों में खाद बन जाता है. यह खाद खेती के लिए काफी उपजाऊ होता है. इन शौचालयों में सौरऊर्जा का इस्तेमाल कर पानी का मोटर चलाई जाती है तथा सौरऊर्जा से ही दिए जलते है. इन शौचालयों के चलते खुले में शौच से होने वाली बीमारियों से काफी हद तक छुटकारा मिल जाएगा. विभिन्न चरणों में चल रहे इस शौचालय निर्माण में अब तक तैयार हुए 125 शौचालयों का लोकार्पण शनिवार 25 जनवरी को होने जा रहा है.

## इन गांवों में हुआ शौचालयों का निर्माण

इस उपक्रम के तहत पालघर के पहले चरण में ग्राम सोनाले में 50, दूसरे चरण में ग्राम वडवली में 30, तिसरे चरण में ग्राम केव, हमरापुर और बावेघर में 50, चौथे चरण में ग्राम केल्टन, सापने, करलगांव में 77 शौचालयों का निर्माण किया गया है. अभी पांचवे चरण में 332 शौचालयों का निर्माण किया गया है. अब छठे चरण में ग्राम सांगे में 127 शौचालयों का निर्माण किया जा जाएगा. इसके बाद मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा निर्मित शौचालयों की संख्या 459 तक पहुंच जाएगी.